# XISS में फेलो प्रोग्राम इन मैनेजमेंट के लिए आवेदन शुरू

रांची | एक्सआईएसएस में इस सत्र से फेलो प्रोग्राम इन मैनेजमेंट (एफपीएम) की शुरुआत की गई है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 25 जुलाई है। प्रवेश परीक्षा 5 अगस्त को ऑनलाइन होगी। एफपीएम के अंतर्गत ह्यूमन रिसोर्स, रूरल, फाइनेंशियल व मार्केटिंग मैनेजमेंट में ऑफर किया जा रहा है। इसका आवेदन शुल्क 2500 रुपए है। प्रवेश शुल्क 54,000 रुपए है और एक साल का ट्यूशन फीस 1 लाख रुपए है, जो दो किस्तों में दिया जा सकता है।

**Press : Dainik Bhaskar**

# एक्सआइएसएस : एफपीएम कोर्स के लिए पांच अगस्त को होगी प्रवेश परीक्षा

**रांची.** एक्सआइएसएस रांची में सत्र 2023 से फेलो प्रोग्राम इन मैनेजमेंट (एफपीएम) की शुरुआत होगी. ऑनलाइन आवेदन 25 जुलाई तक स्वीकार होगा. कोर्स को एआइसीटीइ से मान्यता मिल गयी है. प्रोग्राम के लिए तय 10 सीट के लिए जेवियर इंट्रेंस टेस्ट पांच अगस्त को होगा. वैसे अभ्यर्थी, जिन्होंने कैट, आइआइएम, गेट, जीआरइ, जी-मैट, यूजीसी नेट या जेआरएफ और सीएसआइआर जैसी प्रवेश परीक्षा बीते दो वर्षों यानी, 01 दिसंबर 2020 या इसके बाद में शामिल होकर पास की है, वह सीधा नामांकन ले सकेंगे. कोर्स में चिह्नित होकर अभ्यर्थी एचआर मैनेजमेंट, रूरल मैनेजमेंट, मार्केटिंग मैनेजमेंट और फाइनांस मार्केटिंग संकाय से जुड़कर शोध कर सकेंगे. प्रोग्राम के तहत इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी, प्रबंधन, अर्थशास्त्र, सामाजिक विज्ञान, जैविक विज्ञान, वाणिज्य और मानविकी में मास्टर डिग्री या समकक्ष डिग्री हासिल कर चुके अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे. जेनरल श्रेणी के लिए पात्रता मापदंड 60% और एससी-एसटी अभ्यर्थी के लिए 55% अंक तय किया गया है. ऑनलाइन आवेदन के क्रम में अभ्यर्थी को 2500 रुपये चुकाना होगा. तीन वर्षीय गैर-आवासीय फुल टाइम कोर्स के लिए अभ्यर्थियों से नामांकन शुल्क 54 हजार रुपये लिया जायेगा. एक वर्ष की ट्यूशन फीस एक लाख रुपये तय की गयी है. इसे अभ्यर्थी दो किस्त में चुका सकेंगे.

**Press : Prabhat Khabar**

# एक्सआईएसएस में प्रवेश को आवेदन प्रक्रिया शुरू

रांची। जेवियर समाज सेवा संस्थान ने एआईसीटीई से अनुमोदित अपने नए फेलो प्रोग्राम इन मैनेजमेंट (एफपीएम) में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। अंतिम तिथि 25 जुलाई है। आवेदकों के लिए जेवियर प्रवेश परीक्षा 5 अगस्त को ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। एक्सआईएसएस में एफपीएम के अंतर्गत ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट, रूरल मैनेजमेंट, फाइनेंशियल मैनेजमेंट व मार्केटिंग मैनेजमेंट में यह प्रोग्राम उपलब्ध है। इसमें कुल 10 सीटें हैं। आवेदक वेबसाइट https://xiss.ac.in/fpm-fellow-program-in-management, पर उपलब्ध ऑनलाइन फॉर्म भर कर आवेदन कर सकते हैं। शुल्क का भुगतान भी ऑनलाइन कर सकते हैं।

**Press : Hindustan**

# फेलो प्रोग्राम इन मैनेजमेंट के लिए 25 तक करें आवेदन

जासं, रांची : जेवियर समाज सेवा संस्थान रांची ने अपने नए फेलो प्रोग्राम इन मैनेजमेंट (एफपीएम), अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआइसीटीई) द्वारा अनुमोदित प्रोग्राम के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 25 जुलाई है। जबकि इच्छुक आवेदकों के लिए जेवियर प्रवेश परीक्षा (एक्सईटी) पांच अगस्त को आनलाइन मोड पर आयोजित की जाएगी।

एक्सआइएसएस रांची एफपीएम के अंतर्गत ह्यूमैन रिसोर्स मैनेजमेंट, रूरल मैनेजमेंट, फाइनेंशियल मैनेजमेंट एवं मार्केटिंग मैनेजमेंट में ये प्रोग्राम आफर कर रहा है। इस प्रोग्राम में कुल सीट 10 हैं और आवेदकों के लिए कोई उम्र की सीमा भी नहीं रखी गई है। आवेदक संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध आनलाइन फार्म भर सकते हैं। पैसों का भुगतान भी आनलाइन कर सकते हैं।

एक्सआइएसएस प्रवेश पोर्टल पर 2500 रुपये सभी दस्तावेजों के साथ पूरा आवेदन पत्र 25 जुलाई को या उससे पहले आनलाइन अपलोड करना होगा। एफपीएम का प्रवेश शुल्क 54,000 रुपये है और एक साल की ट्यूशन फीस एक लाख रुपये है, जिसका दो किस्तों में भुगतान किया जा सकता है।

**Press : Dainik Jagran**

# एक्सआईएसएस ने किया फेलो प्रोग्राम इन मैनेजमेंट (एफपीएम) के लिए आवेदन आमंत्रित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस), रांची, ने अपने नए फेलो प्रोग्राम इन मैनेजमेंट (एफपीएम), अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् (एआईसीटीई)द्वारा अनुमोदित प्रोग्राम के लिए आवेदन आमंत्रित किए है। आवेदन करने की अंतिम तिथि25 जुलाई 2023 है, जबकि इच्छुक आवेदकों के लिए जेवियर प्रवेश परीक्षा(एक्सईटी) 05 अगस्त को ऑनलाइनमोड पर आयोजित की जाएगी। एक्सआईएसएस, रांची, एफपीएमके अंतर्गत ह्युमनरिसोर्स मैनेजमेंट, रूरलमैनेजमेंट, फाइनेंशियल मैनेजमेंट, एवं मार्केटिंगमैनेजमेंट में ये प्रोग्राम ऑफर कर रहा है। इस प्रोग्राम में कुल सीट 10 हैं, और आवेदकों के लिए कोई उम्र की सीमा भी नहीं रखी गयी है। एफपीएम कार्यक्रम की परिकल्पना अनुसंधान के क्षेत्र में मौजूदा ज्ञान के आधार को और बेहतर बनाने और लोगों के बीच उसे पहुँचाने के लिए की गई है।

**Press : Freedom Fighter**



# एक्सआईएसएस : फेलो प्रोग्राम इन मैनेजमेंट (एफपीएम) के लिए आवेदन आमंत्रित

रांची

July 17, 2023 Social News Search Leave A Comment

**रांची** : ज़ेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस), रांची, ने अपने नए फेलो प्रोग्राम इन मैनेजमेंट (एफपीएम), अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् (एआईसीटीई) द्वारा अनुमोदित प्रोग्राम के लिए आवेदन आमंत्रित किए है. आवेदन करने की अंतिम तिथि 25 जुलाई 2023 है, जबकि इच्छुक आवेदकों के लिए ज़ेवियर प्रवेश परीक्षा (एक्सईटी) 05 अगस्त को ऑनलाइन मोड पर आयोजित की जाएगी.

## प्रोग्राम में कुल सीट 10, उम्र की सीमा नहीं

एक्सआईएसएस, रांची, एफपीएम के अंतर्गत ह्युमन रिसोर्स मैनेजमेंट, रूरल मैनेजमेंट, फाइनेंशियल मैनेजमेंट, एवं मार्केटिंग मैनेजमेंट में ये प्रोग्राम ऑफर कर रहा है. इस प्रोग्राम में कुल सीट 10 हैं, और आवेदकों के लिए कोई उम्र की सीमा भी नहीं रखी गयी है. एफपीएम कार्यक्रम की परिकल्पना अनुसंधान के क्षेत्र में मौजूदा ज्ञान के आधार को और बेहतर बनाने और लोगों के बीच उसे पहुँचाने के लिए की गयी है. इसका उद्देश्य अच्छी शैक्षणिक पृष्ठभूमि, मजबूत प्रेरणा, अनुशासन और नए अनुसंधान और प्रकाशनों के प्रति मजबूत झुकाव वाले स्कॉलरर्स को प्रवेश देना है.

## वेबसाइट पर उपलब्ध ऑनलाइन फॉर्म भर सकते हैं

आवेदक संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध ऑनलाइन फॉर्म भर सकते हैं और पैसों का भुगतान ऑनलाइन कर सकते हैं. एक्सआईएसएस प्रवेश पोर्टल पर 2500/- रुपयों (सभी करों सहित) सभी दस्तावेजों के साथ पूरा आवेदन पत्र सोमवार, 25 जुलाई, 2023 को या उससे पहले ऑनलाइन अपलोड आवेदक को कर देना होगा. एफपीएम का प्रवेश शुल्क 54,000 रुपये है और एक साल की ट्यूशन फीस 1 लाख रुपये है जिसका दो किस्तों में भुगतान किया जा सकता है.

## इन परीक्षाओं का एक वैध स्कोर होना चाहिए

आवेदक के पास आईआईएम द्वारा आयोजित कॉमन एडमिशन टेस्ट (कैट) या गेट/ जीआरई/ जीमैट/ यूजीसी- नेट या जेआरएफ/ सीएसआईआर द्वारा आयोजित परीक्षाओं का एक वैध स्कोर होना चाहिए. इन परीक्षाओं के लिए, पिछले दो वर्षों तक के स्कोर (यानी, 01 दिसंबर 2020 को या उसके बाद ली गयी परीक्षा) को ही वैध माना जाएगा.

Tagged Applications invited | Fellow Program | FPM | Management | XISS

Search ... Search

RECENT POSTS

- सहारा इंडिया में फंसे पैसे लोगों के मिलेंगे ? जानें क्या है अपडेट
- पाकिस्तानी जासूस है सीमा हैदर ? जानें क्यों उठ रहे हैं सवाल
- एशियन चैंपियनशिप ट्रॉफी का सीएम हेमंत ने किया अनावरण, कहा- देशभर में भ्रमण से खिलाड़ियों का बढ़ेगा उत्साह
- हीरो एशियन हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी का मुख्यमंत्री ने किया अनावरण
- चिराग पासवान एनडीए में शामिल, बैठक में भाग लेंगे

CATEGORIES

- करियर
- कारोबार
- कोडरमा
- खूंटी
- खेल
- गढ़वा
- गिरिडीह
- गुमला
- गोड्डा
- चतरा
- जामताड़ा
- झारखण्ड
- टेक्नोलॉजी
- दुमका
- देवघर
- धनबाद
- धर्म
- पलामू
- पश्चिमी सिंहभूम
- पाकुड़

# Press : Social News Search